स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल

Education par Excellence

Operational Guidelines-2014-15

Rajasthan Council of Secondary Education



तू जिंदा है तो ज़िन्दगी की जीत में यकीन कर.....

हिन्दी

तू जिंदा है तो ज़िन्दगी की जीत में यकीन कर
अगर कहीं है स्वर्ग तो उतार ला ज़मीन पर.... तू जिंदा है .

ये ग़म के और चार दिन, सितम के और चार दिन,
ये दिन भी जायेंगे गुज़र, गुज़र गए हज़ार दिन.
कभी तो होगी इस चमन पे भी बहार की नज़र,
अगर कहीं है स्वर्ग तो उतार ला ज़मीन पर...तू जिंदा है .

हमारे कारवां को मंजिलों का इंतज़ार है,
ये आँधियों, ये बिजलियों की पीठ पर सवार है.
तू आ कदम मिला के चल, चलेंगे एक साथ हम,
अगर कहीं है स्वर्ग तो उतार ला ज़मीन पर... तू जिंदा है .

ज़मीं के पेट में पली अगन, पले हैं ज़लज़ले,
टिके न टिक सकेंगे भूख रोग के स्वराज ये,
मुसीबतों के सर कुचल चलेंगे एक साथ हम,
अगर कहीं है स्वर्ग तो उतार ला ज़मीन पर...तू जिंदा है .

बुरी है आग पेट की, बुरे हैं दिल के दाग ये,
न दब सकेंगे, एक दिन बनेंगे इन्कलाब ये,
गिरेंगे ज़ुल्म के महल, बनेंगे फिर नवीन घर,
अगर कहीं है स्वर्ग तो उतार ला ज़मीन पर...तू जिंदा है .

English

If you are alive, believe in the victory of life,
If there are heavens somewhere, bring them down to the earth.

Four more days of grief, four more days of torture,
they shall pass, like a thousand days have before them
some day the spring will beam down upon this garden,
If there are heavens somewhere, bring them down to the earth

Our caravan is awaiting destination
while it rides on storms and lightning.
Come, walk in the step with us, we'll walk together
If there are heavens somewhere, bring them down to the earth

The fire and the fireballs have grown in the belly of this land
This rule of hunger and diseases will not be sustained
We will crush the difficulties and walk together
If there are heavens somewhere, bring them down to the earth

The fire in the belly is bad, the stains on this heart are bad
These cannot be suppressed, these will turn into a revolution one day,
The palaces of tyranny will be demolished, and new homes will be built
If there are heavens somewhere, bring them down to the earth.

RCSE
डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,
ओटीएस पुलिया के सामने, जयपुर–302017
दूरभाषः 0141–2709846, 2700447 E-mail: modelschools.rcse@gmail.com
Web site- http://rajrmsa.nic.in/ , http://mhrd.gov.in/

अनुक्रमणिका

क्र.स.	विषय	पृष्ठ संख्या
1	**Overview – मॉडल स्कूल योजना क्या** 1.1 Background - पृष्ठ भूमि 1.2 Concept - अवधारणा 1.3 Aims & objectives -योजना का उद्देश्य 1.4 Scope of the project - विशेषताएं	1–3
2	**Financial Covenants- योजना हेतु वित्तीय व्यवस्थाएं** 2.1 योजना में प्रावधित राशि 2.2 अनावर्ती मद 2.3 आवर्ती मद 2.4 क्रय प्रक्रिया में ध्यान देने योग्य बिन्दु	4–9
3	**Phases to establish - मॉडल स्कूल स्थापना के चरण** 3.1 भूमि का आवंटन 3.2 निर्माण एवं हस्तान्तरण 3.3 शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े ब्लॉक्स की जिलेवार संख्या	10–11
4	**Managament of the School - प्रबन्धन** 4.1 राज्य स्तर 4.2 जिला स्तर 4.3 विधालय स्तर 4.4 विद्यालय विकास एवं प्रबन्धन समिति के दायित्व 4.5 विद्यार्थी परिषद का गठन 4.6 अभिभावक शिक्षक एसोसिएशन	12–16
5	**Operation of the School – विधालय संचालन** 5.1 भवन का नामकरण 5.2 शिक्षा शुल्क 5.3 जिला स्तर पर क्रय योग्य सामग्री 5.4 शिक्षा का माध्यम 5.5 शिक्षण की अवधि 5.6 सम्बद्धता (Affiliation) 5.7 दस्तावेजीकरण (Documentation) 5.8 वेब पेज 5.9 विद्यालय प्रबन्धन सूचना तंत्र 5.10 स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों के शिक्षकों हेतु ड्रेस कोड का निर्धारण 5.11 स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों के विद्यार्थियों हेतु यूनिफार्म का निर्धारण 5.12 स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल के संस्था प्रधानों के दायित्व 5.13 स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल के शिक्षकों के दायित्व 5.14 क्षमता संवर्द्धन एवं प्रशिक्षण 5.15 खेल कुद व सह शैक्षिक गतिविधियां 5.16 स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों में संधारित किये जाने योग्य रिकार्ड	17–23
6	**Admission -प्रवेश प्रकिया** 6.1 दिशा–निर्देश 6.2 निर्धारित प्राथमिकताऐं 6.3 एड्स Affected/effected हेतु विशेष निर्देश 6.4 सत्र का प्रारम्भ 6.5 विद्यार्थियों की उपस्थिति	24–27
7	**Selection of Staff - स्टॉफ व्यवस्था** 7.1 प्रति मॉडल स्कूल कार्मिकों की स्थिति 7.2 पदवार अपेक्षित पात्रता एवं अनुभव	28–30
8	**Supervision and Inspection - निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण** 8.1 निरीक्षण हेतु निर्धारित मापदण्ड	31
9	**Convergence in Model Schools - मॉडल स्कूलों में कन्वर्जेन्स व्यवस्था** 9.1 शैक्षिक योजनाओं का नाम 9.2 मिड–डे मील 9.3 स्वास्थ्य परीक्षण	32–33

Overview – मॉडल स्कूल योजना क्या

1.1 Background - पृष्ठ भूमि :–

वैश्वीकरण के इस दौर में उदारीकरण की बढ़ती भूमिका के मद्देनजर वैज्ञानिक एवं तकनीकी संसार में भी आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं, जहां जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में गुणवत्ता सुनिश्चित करना हम सभी के लिए आवश्यक चुनौती बन गया है। शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्र के सुनहरे भविष्य की बात करें तो सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्तर जहां हमारा ध्यान केन्द्रित होना अपेक्षित है वह है 14 से 18 वर्ष का आयुवर्ग अर्थात माध्यमिक शिक्षा। इसी परिप्रेक्ष्य में शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े ब्लॉक्स में माध्यमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण एवं इसे गुणवत्तापूर्ण बनाने की दृष्टि से भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय विद्यालयों के पेटर्न के अनुरूप मॉडल स्कूल स्थापित किए जाने की पृष्ठभूमि तैयार की गई।

1.2 Concept - अवधारणा :–

शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े ब्लॉक्स में केन्द्रीय विद्यालयों के पैटर्न पर माध्यमिक स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिये इन विद्यालयों की अवधारणा विकसित की गई है। इन स्कूलों का Infrastructure और सुविधाएं न्यूनतम उस स्तर की होंगी जो एक केन्द्रीय विद्यालय में होती है। स्कूलों में आदर्श छात्र शिक्षक अनुपात, आधुनिकतम सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग, सृजनात्मक शैक्षिक वातावरण, उपयुक्त पाठ्यचर्या के सम्बन्ध में मानदण्ड निर्धारित किए जाएंगे और विद्यार्थियों के All round development पर फोकस किया जायेगा। मॉडल स्कूल के Standard केन्द्रीय विद्यालय के समान होंगे।

1.3 Aims & Objectives -योजना का उद्देश्य :–

ब्लॉक स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाली माध्यमिक शिक्षा सुलभ कराना ताकि देश में प्रत्येक पिछड़े ब्लॉक में कम से कम एक स्कूल ऐसा उपलब्ध हो जो उक्त ब्लॉक में अन्य स्कूलों के लिए आदर्श स्थापित कर सके। विद्यार्थियों का चंहुमुखी व्यक्तित्व विकास करना प्रमुख लक्ष्य होगा। योजना के प्रमुख उद्देश्य है :–

- माध्यमिक शिक्षा के सार्वजनिकरण की दिशा में प्रयास करना।
- शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण माध्यमिक शिक्षा उपलब्ध कराना।
- वंचित वर्गों के बालक–बालिकाओं की माध्यमिक शिक्षा का स्तर ऊँचा करना।
- आधुनिकतम तकनीक एवं विशेष सुविधाओं युक्त माध्यमिक स्तर के विद्यालयों की स्थापना करना।
- बालक–बालिकाओं के भौतिक, सामाजिक, नैतिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना।

1.4 Scope of the project - विशेषताएं

- स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में मुहैया करायी जानेवाली शिक्षा सम्पूर्ण और समग्र प्रकार की होगी जिसमें शैक्षिक विकास के अलावा शारीरिक, भावनात्मक और कलात्मक विकास भी शामिल है।
- स्कूलों में अनुसूचित जाति के बालक बालिकाओं, अनुसूचित जन जाति के बालक – बालिकाओं, अन्य पिछड़ा वर्ग के बालक – बालिकाओं, अल्प संख्यक वर्ग के बालक – बालिकाओं, विधवा व परित्यक्ता की संतानों एवं विकलांगों को प्रवेश में विशेष प्राथमिकता दी जावेगी।
- मॉडल स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक अध्ययन अध्यापन का प्रावधान एवं सह शिक्षा की व्यवस्था होगी।
- स्कूलों में पर्याप्त सूचना और संचार प्रोद्योगिकी Infrastructure, इन्टरनेट कनेक्टिवटी और पूर्ण कालिक कम्प्यूटर शिक्षक उपलब्ध होंगे। विज्ञान, गणित और अग्रेजी भाषा के सम्प्रेषण पर विशेष जोर दिया जायेगा। यदि आवश्यक होगा तो अंग्रेजी विषय में कमजोर छात्रों के लिए Bridge Course एवं Remedial teaching भी संचालित होगीं।
- मॉडल स्कूलों में अंग्रेजी भाषा में शिक्षण व सम्प्रेषण पर विशेष बल होगा। विद्यालयों में English speaking skill विकसित करने के लिए विशेष प्रावधान रखा गया है।
- इन स्कूलों का वातावरण ऐसा होगा जिससे विद्यालयों में नेतृत्व के गुण, सहयोग की भावना, भागीदारी योग्यताएं, वास्तविक जीवन की परिस्थिति से जूझने के लिए सुलभ कौशल और योग्यता प्राप्त हो सके।
- इन स्कूलों में सामान्य मानदण्डों के अनुसार विषय–वार शिक्षकों के अलावा कला, चित्रकला व संगीत के शिक्षक भी उपलब्ध कराये जायेंगे। भारतीय विरासत तथा कला शिल्प पर जोर देते हुए विभिन्न गतिविधियों के लिए सुविधा सृजित की जायेगी।
- योजना में निर्धारित मापदण्डों के अनुसार एक कक्षा में छात्र शिक्षक का आदर्श अनुपात 1:25 होना अपेक्षित है परन्तु शिक्षण कक्षों में कम से कम 40 छात्रों को समायोजित करने हेतु काफी विस्तृत स्थान उपलब्ध करवाया जावेगा एवं किसी भी परिस्थिति में शिक्षण कक्ष में छात्र अनुपात 1:40 से अधिक नहीं होगा।
- इन स्कूलों में आवश्यक Infrastructure facilities केवल शिक्षण आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए नहीं बल्कि खेलों और सह–पाठयक्रम सम्बन्धी गतिविधियों के लिए उपलब्ध करायी गई है जिससे इन विद्यालयों में विद्यार्थियों को खेलकूद, मनोरजंन, आधुनिकतम तकनीक से युक्त सह शैक्षिक गतिविधियों के लिए पर्याप्त अवसर दिया जा सके।
- मॉडल स्कूलों में खेल के मैदान, आर.ओ.टी., आई.सी. लैब जैसी सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। छात्रों और शिक्षकों के लिए स्तरीय अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकों और पत्रिकाओं से सुसज्जित एवं आधुनिक सुविधायुक्त पुस्तकालय का प्रावधान रखा गया है।

- स्कूलों द्वारा राष्ट्रीय पाठयचर्या रूपरेखा 2005 (NCF, 2005) तथा सरकार द्वारा समय समय पर अपनाए गए अनुसार इसके पाठान्तरों का अनुसरण करना होगा।
- पाठ्यक्रम शिक्षण में स्थानीय संस्कृति और वातावरण को शामिल करना होगा और अध्ययन अध्यापन मुख्यतः गतिविधि आधारित होगा।
- विद्यार्थियों में स्वास्थ्य शिक्षा और स्वास्थ्य सम्बन्धी जांच को शुरू किया जायेगा।
- इन स्कूलों में निःशक्त बच्चों की आवश्यकता को पूरा करने की सुविधाएं होगी और विशेष शिक्षकों हेतु भी व्यवस्था की जावेगी।
- शिक्षा के अतिरिक्त क्षेत्रीय भ्रमण और शैक्षणिक दौरे स्कूल गतिविधि का अभिन्न अंग होगें।
- भविष्य में इन स्कूलों में छात्रों की शैक्षिक, भावनात्मक और व्यवहार सम्बन्धी आवश्यकताओं का समाधान करने के लिए मनोवैज्ञानिक सेवाएं ली जावेगी।
- स्कूलों में स्काउट व गाईड की व्यवस्था की जावेगी ताकि उनमें राष्ट्रत्व की भावना व अनुशासित जीवन बिताने की क्षमता आ सके।
- स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल ब्लाक के लिए आईकन साबित होंगे ताकि उस क्षेत्र के अन्य स्कूलों को भी मॉडल स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

Financial Covenants- योजना हेतु वित्तीय व्यवस्थाएं

2.1 योजना में प्रावधित राशि

- पूर्व में स्वीकृत 134 मॉडल स्कूल हेतु अनावर्ती मद में प्रति मॉडल स्कूल भवन हेतु 3. 02 करोड़ की इकाई लागत निर्धारित की गई है जिसमें निर्माण कार्य, फर्नीचर, साज सज्जा, पेयजल व्यवस्था शामिल है अर्थात एक Functional मॉडल स्कूल हेतु 3.02 करोड़ की राशि प्रावधित है।
- शेष 52 मॉडल स्कूल के लिए राज्य की SSOR ds vk/kkj ij fuekZ.k ykxr Hkkjr ljdkj ls Lohd`r gksxhA आवर्ती मद में f'k{kdksa] dkfeZdksa ds osru vkfn dk okLrfod O;; ,oa निम्नांकित गतिविधियों (4750रू. प्रति विद्यार्थी प्रतिवर्ष) का प्रावधान रखा गया है।

क्र.स.	गतिविधि का नाम
1	Repairs and Maintenance of school bulding, classrooms, rent for the school building, furniture and fixtures
2	labroratory consumables
3	School functions/sports acitivites/excursions
4	Conduct of Examinations
5	Maintenace of computers and soft-wares
6	Medical Care, First-aid kit etc
7	Misc. office expenses and contingencies including payment of electricity bilsls and warter charges etc.
8	Library facilities-e.g. purchase of books, magazines, etc, Taching Aids and Craft equipments etc. (for Nine months)

2.2 अनावर्ती मद :–

- यह राशि सत्र अन्त होने तक व्यय न होने पर अगले वर्ष बचत राशि के रूप में स्पिल ओवर हो जाती है।
- राज्य में स्वीकृत 160 मॉडल स्कूलों में से 71 मॉडल स्कूलों का निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किया गया है।

- निर्माण कार्य पर प्रति मॉडल स्कूल 2.80 करोड की राशि व्यय की गई एवं 22 लाख रू. प्रति मॉडल स्कूल का प्रावधान मॉडल स्कूलों में आधारभूत सामग्री के उपलब्ध कराने हेतु रखा गया है।
- अनावर्ती मद के अंतर्गत वर्ष 2014–15 में संचालित किए जा रहे 66 मॉडल स्कूलों को आधारभूत सामग्री उपलब्ध करवा दी गई है।

- इसके अतिरिक्त अनावर्ती मद की राशि से प्रति मॉडल स्कूल 1 लाख रू. की राशि सम्बन्धित जिलों को जारी की गई है जिसका उपयोग जिला स्तरीय क्रय समिति के माध्यम से/विद्यालय विकास प्रबन्धन समितियों के माध्यम से विद्यालय की आवश्यकतानुसार स्थायी सामग्री क्रय के लिये किया जा सकता है।
- समिति निर्णय लेकर मिड–डे मील हेतु आवश्यक बर्तन आदि की क्रय कर सकती है। समस्त सामग्री क्रय वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार किया जाना है।

2.3 आवर्ती मद

1. मॉडल स्कूल संचालन के लिए भारत सरकार द्वारा आवर्ती मद में राशि स्वीकृत की जाती है। आवश्यकतानुसार भारत सरकार द्वारा राशि स्वीकृति के मानदण्डों में संशोधन/परिवर्तन संभव है। अतः नवीनतम निर्देशों के अनुसार ही अनुपालना सुनिश्चित करें।
2. आवर्ती मद के अंतर्गत निम्नांकित 2 मदों में राशि व्यय का प्रावधान स्वीकृत है।
   अ. वेतन मद
   ब. शैक्षणिक गतिविधियों हेतु

अ. वेतन मद :–

1. राजकीय सेवा से प्रतिनियुक्त कार्मिकों का वेतन आहरण वर्तमान में वास्तविक वेतन के आधार पर किया जावेगा।
2. प्लेसमेंट एजेन्सी के माध्यम से निम्नांकित सेवाएं प्रत्येक स्कूल में ली जा सकेगी :–
   - 2 सहायक सेवा–प्रति सहायक सेवा 5000/– प्रतिमाह की दर से मानदेय एवं नियमानुसार सर्विस चार्ज एवं सर्विस टैक्स पृथक से देय होगा। पूर्व में जारी निर्देशों के अनुसार 4000 रू प्रति सहायक सेवा का प्रावधान था।
   - 2 चौकीदार सेवा–प्रति चौकीदार सेवा 6000/– प्रतिमाह की दर से जिसमें नियमानुसार सर्विस टैक्स एवं सर्विस चार्ज शामिल होगा।
3. मॉडल स्कूलों में चौकीदार सेवा मॉडल स्कूल के भवन हस्तान्तरण की तिथि से अथवा मॉडल स्कूल भवन में विद्यालय संचालन की तिथि से (जो भी पहले हो) ली जा सकेगी।

ब. मॉडल स्कूल संचालन हेतु प्रावधित बजट का उपयोग निम्नानुसार किया जावेगा :–

- विभिन्न गतिविधियाँ अलग–अलग 2 प्रकार के कार्यों का व्यय रिकॉर्ड रखने की दृष्टि से परिभाषित की गई है परंतु व्यय विद्यालय की आवश्यकतानुसार एवं संतुलित रूप से ही किया जावे।

Repairs and maintenance of school building furniture and fixtures :–

- प्राथमिकता से विद्यालय की साज सज्जा एवं भौतिक सुविधाओं की उपलब्धताओं पर व्यय।
- मॉडल स्कूल भवन पर नामकरण करवाया जाना, भवन के बाहर गेट पर नाम लिखवाया जाना, कक्षा–कक्ष की दीवारों, बरामदो, गलियारो में प्रसिद्व शिक्षा विदों के कोटेशन्स आदि लिखवाने में।
- मॉडल स्कूलों में इंटरनेट कनेक्टिविटी हेतु यदि टूट–फूट की आवश्यकता पर।
- मॉडल स्कूल के प्रत्येक कक्षा–कक्ष में आकर्षक चार्टस, पोस्टर्स, मॉडल्स आदि लगवाना।
- मॉडल स्कूल का वातावरण हरा–भरा रखने के लिए पेड़–पोधें, फूलों के पौधे आदि लगाना।
- विद्यालय की सम्पूर्ण साफ–सफाई व्यवस्था।

laboratory consumables :–

- मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों में विज्ञान, गणित, जैसे कठिन विषयों के प्रति रूचि जागृत करने, जिज्ञासा पैदा करने के लिए आवश्यक सामग्री हेतु यह गतिविधि उल्लेखित की गई है।
- स्कूल का एक कार्नर विज्ञान कार्नर के रूप में विकसित करें इसमें विज्ञान के आकर्षक मॉडल्स, व प्रयोगात्मक सामग्री प्रदर्शित की जावे। विज्ञान के विभिन्न चमत्कारों को दर्शाने वाले Live experimental model रखें।
- इस कार्नर को फ्लाइंग क्लब का नाम दिया जावे। कार्नर में विज्ञान, गणित, भूगोल आदि के महत्वपूर्ण उपकरणों को स्थान दिया जावे। जैसेः–
  - Globe
  - Science & Maths equipments
  - Solar energy projects
  - Natural science से जुड़े projects
  - Micro Scope
  - विज्ञान व गणित में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों को फ्लाइंग क्लब का सदस्य बनावें।

School functions/Sports activities/excursions :-

- विद्यार्थियों हेतु राज्यस्तरीय शैक्षिक भ्रमण कराया जाना
- विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जाग्रत करने और सृजनात्मक शक्ति को बढ़ावा देने के लिए इस गतिविधि का प्रावधान है।
- सप्ताह में एक बार Stage function आवश्यक रूप से हो जिसमें बारी–बारी से प्रत्येक विद्यार्थी को अवसर मिले।
- प्रति सप्ताह शनिवार का दिवस Stage show हेतु निर्धारित किया जावे।
- खेलकूद गतिविधियों का अधिक से अधिक आयोजन करें। इसमें विद्यार्थियों को अपने हिसाब से सोचने और मन के अनुसार कार्य करने की स्वतंत्रता होती है वहीं उसके परिणाम भी तुरंत दिखाई देने लगते हैं। बच्चे उत्साहित होते हैं। निम्नांकित Indoor व Out door खेल विद्यालयों में नियमित रूप से आयोजित किए जावें।

क्र.स.	खेल का नाम	क्र.स.	खेल का नाम
1	कैरम बोर्ड	7	फुटबाल
2	चाईनीज चैकर	8	गणित दौड़/एथलेटिक्स
3	शतरंज	9	म्यूजिकल चेअर
4	बैड मिंटन	10	बास्केट बाल
5	क्रिकेट	11	बॉलीबाल
6	हॉकी	12	कबड्डी
		13	खो–खो

Conduct of Examinations :-

- विद्यार्थियों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा, वार्षिक परीक्षा के आयोजन हेतु समस्त गतिविधियां।
- सी.बी.एस.ई. सम्बन्धता प्राप्त करना।
- परीक्षा सम्बन्धी अन्य कार्यों का आयोजन करना।

Maintenance of computers and soft-wares:-

- प्रत्येक मॉडल विद्यालय में आई.सी.टी. लैब की स्थापना की जानी है। अतः मॉडल स्कूलों में उपलब्ध कराये गये 10 कम्प्यूटर्स की नेटवर्किंग हेतु निम्नांकित सामग्री इस गतिविधि में उपलब्ध कराई जा सकती है।
  - LAN 16 Port 10/100 MBPS unmanaged switch. (Linksys/D-Lik/Netgear/GISCO/Asus/TP-Link
  - CAT-6 LAN cable (Readymade)
  - PVC pipes and clips (Fixtures) for cabling.
    इस सामग्री का इंस्टालेशन व्यय भी इस मद से किया जावे।
- इंटरनेट/ब्राड बेण्ड कनेक्शन के लिये।
- विद्यार्थियों के शैक्षिक उन्नयन हेतु विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर जैसे–Functional English, Science quiz, Maths quiz, Games के इंस्टालेशन हेतु।

Medical Care, First-aid kit etc:-

- स्वास्थ्य परीक्षण मॉडल स्कूल संचालन की नियमित दिन–चर्या का हिस्सा बनाया जावे। इसके लिये चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर विस्तृत कार्य येाजना बनाई गई है जिसे शीघ्र उपलब्ध कराया जावेगा।
- प्रत्येक मॉडल स्कूल में फर्स्ट एड किट की उपलब्धता आवश्यक है।
- किट की सम्भावित सामग्री निम्नानुसार है जिसमें आवश्यकतानुसार सामग्री जोड़ी जा सकता है :–

क्रैप बैण्डेज	जुकाम से संबंधित दवाईयाँ
विभिन्न प्रकार की पट्टी, रूई,	खॉसी से संबंधित दवाईयाँ
आयोडीन वाली एन्टीसेप्टिक क्रीम,	सामान्य बुखार से संबंधित दवाईयाँ
छोटी कैची	सिरदर्द से संबंधित दवाईयाँ
अति आवश्यक दवाईयाँ	फोडे–फुन्सी से संबंधित दवाईयाँ
पेट दर्द से संबंधित दवाईयाँ	जला/कटा हेतु मरहम
उल्टी से संबंधित दवाईयाँ	थर्मामीटर, डिटोल, बैण्डेड,

Misc. office expenses and contingencies including payment of electricity bills and water charges etc.:-

यह गतिविधि कार्यालय उपयोग, बिजली, पानी सुविधा एवं उन समस्त कार्यों के लिये है जो अन्य गतिविधियों में उल्लेखित नहीं हैं। विभिन्न विद्यालय कार्य जैसे– स्टेशनरी, फोटो स्टेट, स्केनिंग, स्पायरल बायन्डिंग के अतिरिक्त निम्नांकित व्यवस्थाएं मॉडल स्कूल में सुनिश्चित की जावे :–

1. आगामी 8वीं बोर्ड परीक्षा को देखते हुए एवं विद्यार्थियों की अंग्रेजी भाषा में कम्यूनिकेशन स्किल विकसित करने के लिए विद्यालय में अंग्रेजी विषय की अतिरिक्त कक्षा का प्रावधान स्वीकृत किया गया है। इसके लिये प्लेसमेन्ट एजेन्सी के माध्यम से कार्य आधारित सेवा ली जावे। प्रतिदिन विद्यालय समय पश्चात विद्यार्थियों के लिये 1 घण्टे की अतिरिक्त कक्षा की व्यवस्था की जावे। इसके लिये प्रतिमाह अधिकतम 6000/– का मानदेय दिया जा सकेगा। इसे Contingency में उल्लेखित किया जा सकेगा।
2. संचालित सभी मॉडल स्कूलों में क्षेत्रीय आवश्यकता निर्धारित कर अधिकतम क्षमता का RO/Water purifier आवश्यक रूप से जिला/विद्यालय स्तर पर क्रय कर उपलब्ध कराये जावे। इसे भी Contingency से किया जावेगा।

Library facilities-e.g. purchase of books, magazines, etc, Teaching Aids and Craft equipments etc. :-

- अंग्रेजी भाषा के दो समाचार पत्र मॉडल स्कूल पुस्तकालय में आवश्यक रूप से उपलब्ध करवाया जावे।
- अंग्रेजी भाषा की रोचक मेगजीन जैसे–चम्पक, इण्डिया टूडे, टाईम्स आदि भी पुस्तकालय के लिये नियमित रूप से मंगवाई जावे।
- मॉडल स्कूल में स्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण पुस्तकालय स्थापित करने के लिये एन.सी.ई.आर.टी., एन.बी.टी. एवं प्रतिष्ठित प्रकाशकों की पुस्तकें क्रय की जावें। क्रय प्रक्रिया बी.एफ.एण्डआर. के नियमों को ध्यान में रखकर की जावे।
- कक्षा 7 एवं 8 हेतु अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकें क्रय करने के लिये भी इसी गतिविधि का उपयोग किया जावे।
- प्रभावी शिक्षण कार्य हेतु शिक्षण सहायक सामग्री, सह शैक्षिक गतिविधियों के लिये क्राफ्ट, ड्राईंग सामग्री का क्रय भी इसी गतिविधि में किया जावे।
- English Language Lab की स्थापना का व्यय।

- विज्ञान प्रयोगशालाओं को Functional बनाए जाने हेतु आवश्यक स्थाई सामग्री एवं अन्य उपकरण क्रय किए जाने के संबंध में दिशा–निर्देश।

नोट :–

- भारत सरकार द्वारा समस्त गतिविधियों में राशि व्यय किए जाने की पृथक–पृथक सीमा निर्धारित नहीं की गई है। अतः 4750/– प्रतिवर्ष प्रति विद्यार्थी हिसाब से ही राशि व्यय की जानी है।
- वर्ष 2014–15 में अधिकतम 9 माह (जुलाई 2014 से मार्च 2015 तक) ही राशि व्यय की जा सकेगी।
- उक्त राशि विद्यालय संचालन की वास्तविक तिथि से ही व्यय की जावेगी।

2.5 क्रय प्रक्रिया में ध्यान देने योग्य बिन्दुः–

- स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या एवं क्रय योग्य प्रस्तावित सामग्री की सूची तैयार की जावे।
- मॉडल स्कूल विकास एवं प्रबन्धन समिति के अंकित वित्तीय अधिकार के तहत क्रय प्रकिया की जावे।
- क्रय प्रक्रिया में सामग्री की गुणवत्ता का ध्यान रखा जावे।
- प्रत्येक क्रय की गई सामग्री का नमूना विद्यालय में उपलब्ध होना अपेक्षित है।
- यदि कोई फर्म सामग्री की आपूर्ति एवं गुणवत्ता में धोखा–धड़ी करती है तो फर्म का भुगतान रोककर नियमानुसार कार्यवाही की जावे।
- क्रय की गई सामग्री का इन्द्राज स्टॉक रजिस्टर में किया जावे।
- सभी प्रकार के क्रय निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप लेखा नियमों के अनुसार किया जावे।



Phases to establish - मॉडल स्कूल स्थापना के चरण

3.1 भूमि का आवंटन –

- विद्यालय स्थापना हेतु जिला स्तर पर सम्बन्धित ब्लॉक में मॉडल स्कूलों के संचालन की दृष्टि से उपयुक्त न्यूनतम 5 एकड़ भूमि का चयन किया जाता है एवं चयनित भूमि का निःशुल्क आवंटन जिला कलक्टर के स्तर से किया जाता है। आवश्यकता होने पर राज्य सरकार भी सहयोग प्रदान करती है।
- आवंटित भूमि का मॉडल स्कूल के सफल संचालन की दृष्टि से भौतिक निरीक्षण कराया जाता है।
- निर्धारित प्रारूप में भूमि आवंटन के प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किए जाते हैं।
- भारत सरकार द्वारा अंतिम रूप से उक्त ब्लॉक में मॉडल स्कूल के भूमि प्रस्तावों का अनुमोदन किया जाता है।
- प्रत्येक शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े ब्लॉक में एक मॉडल स्कूल स्थापित किया जाने का प्रावधान है।

3.2 निर्माण एवं हस्तान्तरण –

- भूमि को मॉडल स्कूल निर्माण हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्धारित क्रियान्वयन एजेन्सी को हस्तान्तरण कर निर्माण कराया जाता है।
- क्रियान्वयन एजेन्सी से मॉडल स्कूलों के निर्माण की सूचना पूर्ण होने पर मॉडल स्कूल के अधिग्रहण की कार्यवाही जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा द्वारा व उसके अधीनस्थ द्वारा की जाती है।
- अधिग्रहण कार्यवाही क्रियान्वयन एजेन्सी द्वारा निर्धारित हस्तान्तरण प्रपत्र में की जावे।
- हस्तान्तरण की प्रक्रिया तभी की जाती है जब मॉडल स्कूल में बिजली, पानी सुविधा हो व तय मापदण्डों अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जावे।
- भारत सरकार द्वारा अब तक राज्य के 160 ब्लॉक्स के भूमि आवंटन प्रस्ताव स्वीकृत किये जा चुके हैं।

3.3 शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े ब्लॉक्स की जिलेवार संख्या :–

क्र. सं.	जिले का नाम	ई.बी.बी. ब्लॉक की संख्या	क्र.सं.	जिले का नाम	ई.बी.बी. ब्लॉक की संख्या
1	चित्तोडगढ़	11	18	सवाई माधोपुर	5
2	भीलवाड़ा	11	19	सिरोही	5
3	नागौर	11	20	बीकानेर	5
4	अलवर	10	21	बून्दी	4
5	पाली	10	22	दौसा	4
6	उदयपुर	9	23	धौलपुर	4
7	जोधपुर	9	24	झालावाड़	4
8	बासवाड़ा	7	25	करौली	4
9	भरतपुर	8	26	जैसलमेर	3
10	अजमेर	7	27	चुरू	1
11	बारां	7	28	गंगानगर	2
12	जयपुर	7	29	हनुमानगढ़	1
13	जालौर	7	30	कोटा	1
14	राजसमन्द	7	31	प्रतापगढ	5
15	बाड़मेर	6	32	झुन्झुनू	0
16	टोंक	6	33	सीकर	0
17	डुंगरपुर	5		***कुल योग***	***186***

Managament of the School - प्रबन्धन

4.1 राज्य स्तर :–

- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद इस योजना के क्रियान्वयन हेतु नोडल एजेन्सी है।
- परिषद स्तर पर मॉडल स्कूल प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है जो मॉडल स्कूलों के प्रबन्धन एवं संचालन सम्बन्धी समस्त दायित्वों का निर्वहन करेगी।
- आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त, रामाशिप के मार्गदर्शन में एक उपायुक्त, एक उपनिदेशक व दो सहायक निदेशक द्वारा योजना के सुचारू क्रियान्वयन सम्बंधी दिशा–निर्देश आवश्यकतानुसार प्रसारित किये जाते है।
- प्रकोष्ठ द्वारा समस्त संचालित मॉडल स्कूलों की मॉनिटरिंग का कार्य भी किया जाता है।
- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद की शाषी परिषद एवं निष्पादक समिति ही मॉडल स्कूल योजना के तहत नीति निर्धारण एवं नियंत्रण का कार्य करती है।

4.2 जिला स्तर :–

- जिला स्तर पर जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित निष्पादक समिति प्रबन्धन कार्य करती है। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय संचालन समिति उक्त स्कूलों का मॉनिटरिंग दायित्व वहन करती है। समिति में निम्नानुसार सदस्य है :–

1.	जिला कलक्टर	अध्यक्ष
2.	जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा)	सदस्य
3.	जिला शिक्षा अधिकारी (मा.शि) एवं जिला परियोजना समन्वयक, आर.एम.एस.ए.	सदस्य
4.	सम्बन्धित सहायक अभियन्ता, आर.एम.एस.ए.	सदस्य
5.	सहायक लेखाधिकारी, जि.शि.अ. (माध्यमिक)	सदस्य
6.	शिक्षाविद एवं एन.जी.ओ. का प्रतिनिधि (जिला कलक्टर द्वारा मनोनीत)	सदस्य
7.	अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, आर.एम.एस.ए.	सदस्य सचिव

समिति के दायित्व इस प्रकार है :–

1. स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों के प्रशासनिक नियंत्रण का दायित्व जिला कलक्टर का होगा।
2. समिति की नियमित बैठक आयोजित कर मॉडल स्कूलों के संचालन की नियमित समीक्षा करना।
3. स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों का सम्बन्धित ब्लॉक में व्यापक प्रचार–प्रसार करना।
4. इन स्कूलों में प्रवेश हेतु निर्धारित संख्या के अनुसार शत–प्रतिशत छात्र–छात्राओं का प्रवेश सुनिश्चित करना।
5. स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों में प्रवेश एवं संचालन में उत्पन्न विवादों की त्वरित समीक्षा एवं समाधान करना।
6. स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल संचालन में आने वाली कठिनाईयों का निराकरण करना।
7. जिला स्तर पर गठित क्रय समिति के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण एवं आवश्यकता आधारित सामग्री क्रय कर उपलब्ध करवाना।
8. स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों का समय–समय पर निरीक्षण करना एवं सम्बलन प्रदान करना।

9. स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों को Center of excellence बनाए जाने हेतु विभिन्न राजकीय विभागों की योजनाओं का लाभ दिलाना
10. भामाशाहों व दानदाताओं को प्रेरित कर स्कूलों में अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराना।

4.3 विधालय स्तर :–

- स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों का प्रबन्धन विद्यालय स्तर पर गठित विद्यालय विकास प्रबन्धन समिति के द्वारा किया जावेगा।
- विद्यालय विकास प्रबन्धन समितियों का संगठनात्मक स्वरूप निम्नानुसार होगा :–
  - समिति का नाम – विद्यालय विकास प्रबन्धन समिति।
  - राजस्थान सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1958 के तहत इनका पंजीयन रजिस्ट्रार सहकारी विभाग से कराया जाता है।
  - रजिस्ट्रेशन फीस विद्यालयों रख–रखाव अथवा Contingency गतिविधि के अंतर्गत की जा सकती है।
  - विद्यालय विकास प्रबन्धन समितियों का बैंक खाता खुलवाया जावे एवं पृथक कैश बुक संधारित की जावे। विद्यालय विकास प्रबन्धन समिति के व्यय के लिये लेजर का संधारण किया जाता है।
  - समिति का कार्यक्षेत्र सम्बन्धित मॉडल स्कूल एवं उसके क्षेत्राधिकार में आने वाले विद्यार्थियों के निवास स्थान तक सीमित होगा परन्तु विकास कार्य केवल विद्यालय परिसर में ही कराये जा सकेगें।
  - समिति के उद्‌देय, समस्त कार्य, अधिकार एवं कर्त्तव्य आर.एम.एस.ए. के तहत गठित समितियों के अनुसार ही निर्धारित किये गये हैं।
  - जिला स्तर पर विकास प्रबन्धन समितियों की मॉनिटरिंग जिला स्तरीय समिति द्वारा एवं राज्य स्तर पर राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा की जावेगी।

क्र.स.	रामाशिअ के मानदण्डों के अनुसार गठित समिति के सदस्य
1.	प्राचार्य/प्रधानाचार्य – अध्यक्ष
2.	एस.सी/एस.टी. समुदाय का एक व्यक्ति – सदस्य अभिभावकों में से एक महिला – सदस्य अभिभावकों में से एक व्यक्ति – सदस्य
3.	वाइस प्रिन्सीपल – सदस्य सामाजिक विज्ञान का एक अध्यापक – 1 सदस्य विज्ञान का एक अध्यापक – 1 सदस्य गणित का एक अध्यापक – 1 सदस्य
4.	पंचायत शहरी स्थानीय निकाय के सदस्य – 2 सदस्य
5.	ऑडिट व वित्त विभाग का एक व्यक्ति – 1 सदस्य
6.	शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यक समुदाय का व्यक्ति – 1 सदस्य महिला समूहों का सदस्य – 1 सदस्य ग्राम शिक्षा विकास समिति का सदस्य – 1 सदस्य विज्ञान, मानविकी एवं कलाा/संस्कृति/क्राफ्ट की पृष्ठभूमि वाले जिला परियोजना समन्वयक द्वारा मनोनीत व्यक्ति – 3 सदस्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मनोनीत अधिकारी – 1 सदस्य
7.	विद्यालय का वरिष्ठतम शिक्षक – 1 सदस्य सचिव

- विद्यालय विकास प्रबन्धन समिति के अतिरिक्त सदस्य के रूप में उस ब्लॉक के चिकित्सक प्रभारी द्वारा मनोनीत चिकित्सक को अवश्य शामिल किया जावे।
- समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जावे एवं 15 दिवस में कम से कम एक बार अवश्य हों।

4.4 विद्यालय विकास प्रबन्धन समिति के दायित्व :–

1. विद्यालय विकास प्रबन्धन समिति विद्यालय की प्रत्येक गतिविधि यथा नियोजन सेमिस डाटा संकलन, विद्यालय संचालन सहशैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन, निरीक्षण व पर्यवेक्षण, मूल्यांकन आदि के लिए उत्तरदायी होगी।
2. समिति विद्यालय के आधारभूत संरचनात्मक विकास के साथ–साथ शैक्षणिक विकास के लिए जिम्मेदार होगी।
3. विद्यालय विकास के लिए किया जाने वाला समस्त क्रय इन समितियों के माध्यम से किया जा सकेगा चाहे वो आवर्ती हो या अनावर्ती।
4. समिति के मुख्य दायित्व है :–

1- Planning 2- Estimation 3- Management 4- Monitoring 5- Supervision 6- Reporting 7- Maintenance of accounts	8- Monthly setting up of accounts 9- Presenting account balance 10-Quality improvements 11-Equity 12-Teachers and students attendance 13-Community mobilization

5. क्रय की गई सामग्री का भुगतान चैक द्वारा एस.डी.एम.सी. के प्रावधानुसार अध्यक्ष एवं सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जा सकता है।

- इस समिति के अधीन दो उपसमितियों का भी गठन किया जाना है जिनका विवरण इस प्रकार है :–

क्र.स.	विद्यालय विकास समिति की उपसमिति का नाम	उपसमिति में चयन किए जाने वाले सदस्य	उपसमिति का कार्य
1.	विद्यालय विकास समिति (School Buliding Committee)	1. प्राचार्य/प्रधानाध्यापक–अध्यक्ष 2. पंचायत या स्थानीय शहरी निकाय के प्रतिनिधि–1 सदस्य 3. अभिभावक – 1 सदस्य 4. निर्माण कार्य से जुड़े अनुभवी व्यक्ति–SSA के इंजीनियर–1सदस्य 5. लेखा/ऑडिट शाखा का व्यक्ति–1 सदस्य	1. विद्यालय विकास समिति के खातों का संधारण। 2. योजना निर्माण, प्रबन्धन, मॉनीटरिंग, पर्यवेक्षण, रिपोट प्रस्तुतीकरण 3. सभी प्रकार के निर्माण कार्य यथा नये निर्माण, मरम्मत, रखरखाव आदि
2.	शैक्षिक समिति (Academic Committee)	1. प्राचार्य/प्रधानाचार्य–अध्यक्ष 2. अभिभावक–1 सदस्य 3. निम्न में से प्रत्येक क्षेत्र का एक विशेषज्ञ–(1) विज्ञान या गणित (2) मानविकी (3) कला/संस्कृति/क्राफ्ट/खेलकूद आदि प्रत्येक क्षेत्र का विशेषज्ञ–3 सदस्य 4. प्राचार्य/प्रधानाध्यापक द्वारा चयनित विद्यार्थी–1	1. SEMIS के लिए आंकडों का संग्रहण, मॉनिटरिंग एवं प्रबन्ध। 2. सभी प्रकार का शैक्षिक गतिविधियां। 3. शिक्षा में गुणवत्ता सुधार 4. शिक्षा में लिंग विभेद व अन्य सामाजिक अडचनों को दूर करना। 5. पाठ्य सहगामी व पाठ्येत्तर गतिविधियों का आयोजन, नियन्त्रण आदि। 6. शिक्षक व विद्यार्थियों की उपस्थिति 7. विद्यार्थियों की उपलब्धि 8. विद्यार्थियों व शिक्षकों का शैक्षिक व व्यक्तित्व विकास। 9. शिक्षकों को प्रशिक्षण, निर्देशन व काउन्सलिंग के लिए नामित करना।

विद्यालय प्रबंधन समिति :– विद्यालय में मिड डे मील प्रारंभ करने हेतु विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन निम्नानुसार किया जाना है :–

1	अध्यक्ष	समिति की साधारण सभा द्वारा उसके माता–पिता या संरक्षक सदस्यों में से कार्यकारिणी समिति हेतु निर्वाचित 11 सदस्यों में से कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा निर्वाचन।
2	उपाध्यक्ष	समिति की साधारण सभा द्वारा उसके माता–पिता या संरक्षक सदस्यों में से कार्यकारिणी समिति हेतु निर्वाचित 11 माता–पिता या संरक्षक सदस्यों में से कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा निर्वाचन।
3	सदस्य (11)	साधारण सभा द्वारा उसके माता–पिता या संरक्षक सदस्यों में से कार्यकारिणी समिति हेतु निर्वाचित 11 सदस्य, जिनमें से कम से कम 6 महिलाएं, 1 अनुसूचित जाति व 1 अनुसूचित जनजाति से संबंधित हो।
4	पदेन सदस्य (1)	ग्राम पंचायत/नगर पालिका के जिस वार्ड में विद्यालय स्थित है, उस वार्ड का वार्ड पंच/पार्षद।
5	पदेन सदस्य सचिव (1)	वरिष्ठतम अध्यापक।
6	निर्वाचित अध्यापक	विद्यालय के अध्यापकों द्वारा समिति हेतु निर्वाचित एक अन्य महिला अध्यापक (यदि उपलब्ध हो तो) अन्यथा पुरूष अध्यापक।
7	मनोनीत शिक्षा शास्त्री/बालक सदस्य (1)	समिति के माता–पिता या संरक्षक सदस्यों द्वारा मनोनीत स्थानीय शिक्षा शास्त्री अथवा विद्यालय का बालक
	कुल सदस्य	15

नोट :– विद्यालय विकास प्रबंधन समिति एवं विद्यालय प्रबंधन समिति में सदस्य सचिव का दायित्व विद्यालय के वरिष्ठतम शिक्षक को ही दिया जावे ताकि दोनों समितियों में समन्वित तरीके से कार्य संपादन हो सके।

4.5 विद्यार्थी परिषद का गठन :–

स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों के सफल एवं पारदर्शी संचालन के लिए विद्यार्थी परिषद का गठन किया जावे। विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों का मनोनयन संस्था प्रधान द्वारा किया जावेगा। संस्था प्रधान विद्यालय के सर्वाधिक मेघावी एवं सक्रिय विद्यार्थी को अध्यक्ष के रूप में मनोनीत करें।

अध्यक्ष :–

संस्था प्रधान को अनुशानात्मक गतिविधियों में सहयोग करना एवं विद्यार्थियों की समस्याओं से संस्था प्रधानों को अवगत करना एवं उनका समाधान करवाना।

उपाध्यक्ष :–

अध्यक्ष की अनुपस्थिति में जो कार्य अध्यक्ष को करने होते हैं, उपाध्यक्ष उनका निर्वहन करेगा। साथ ही विद्यालय के अनुशासन में संस्था प्रधान एवं अध्यक्ष को सहयोग प्रदान करेगा।

संयुक्त सचिव के दायित्व :–

परिषद में संयुक्त सचिव का कार्य अध्यक्ष एवं संस्था प्रधान को गतिविधियों एवं विद्यार्थियों की मांगों का विवरण तैयार कर देना होगा। इसके अतिरिक्त गतिविधिवार सचिव बनाए जाने व उनका कार्य विभाजन भी किया जावे।

सांस्कृतिक सचिव –

सांस्कृतिक सचिव समस्त सहशैक्षिक गतिविधियों के आयोजन का दायित्व निर्वहन करने के साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों को समय समय पर आयोजित करवाने तथा विद्यार्थियों को

विशेष अवसरों पर उनके द्वारा किये गये सराहनीय कार्यों के लिये सम्मानित करवाने में मदद करेगी।

शैक्षिक सचिव –

- विद्यार्थियों के लिये शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन करना जैसे प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम तथा अन्य ऐसे कार्यक्रमों की गतिविधियों का संचालन करना जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक हो जैसे अन्तर–संकाय शैक्षिक प्रतियोगिता।
- विद्यालय में हाउस बनाकर Inter house competition आयोजित किये जाने में सहयोग करना।

स्वास्थ्य सचिव –

विद्यार्थियों की स्वास्थ्य सम्बन्धित जांच एवं विद्यालय में सफाई कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही/सुझाव रजिस्टर में अंकित करेगा। किसी विद्यार्थी को स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी होने पर संस्था प्रधान को सुचित एवं सहयोग करेगा।

भोजन सचिव –

विद्यालय में दिये जाने वाले मिड–डे मील की व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेगा।

विद्यार्थी परिषद के संयुक्त दायित्व :–

- विद्यार्थी परिषद की बैठक सप्ताह में एक दिन शनिवार को आयोजित की जावे जिसमें सभी गतिविधि सचिव भाग लेगें। बैठक में चर्चित बिन्दुओं एवं प्राप्त सुझावों का लिखित प्रतिवेदन एक रजिस्टर में संधारित कर सभी उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षर करवाए जावे।
- स्कूल में अधिकाधिक गतिविधियों के आयोजन की रूपरेखा तैयार की जावे।
- विद्यार्थी परिषद की बैठक में संस्था प्रधान विद्यार्थियों की शैक्षिक, स्वास्थ्य सम्बन्धी एवं अन्य समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर लेखा जोखा रखें।

4.6 अभिभावक शिक्षक एसोसिएशन :–

- प्रत्येक स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में अभिभावक शिक्षक एसोसिएशन का गठन किया जावे।
- एसोसिएशन की बैठक माह में एक बार आवश्यक रूप से आयोजित की जावे।
- प्रत्येक कक्षा अध्यापक अभिभावकों का एक सुझाव/शिकायत रजिस्टर संधारित करेगा।
- रजिस्ट्रेशन अभिभावकों द्वारा समय–समय पर उठाई गई समस्याओं व समाधान का इन्द्राज किया जावेगा।


जिस समय जिस काम
के लिए प्रतिज्ञा करो,
ठीक उसी समय पर
उसे करना ही चाहिए,
नहीं तो लोगों का
विश्वास उठ जाता है।
– स्वामी विवेकानंद

Operation of the School – विधालय संचालन

5.1 भवन का नामकरण

- मॉडल स्कूलों का नाम स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल रखा गया है।
- विद्यालय के मुख्य भवन पर निम्नानुसार कलर स्कीम में इसका नाम लिखवाया जाना है।

- स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल भवन के बाह्य गेट पर अंग्रेजी भाषा में लोहे के बोर्ड पर नाम लिखवाया जावे। बोर्ड पर 'लोगो' भी अंकित किया जावे।
- स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था हेतु दो चौकीदार का प्रावधान रखा गया है। अतः इसकी सुरक्षा व्यवस्था का संयुक्त दायित्व मॉडल स्कूल विद्यालय प्रबन्धन समिति एवं सम्बन्धित संस्था प्रधान का है।

5.2 शिक्षा शुल्क

- स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों से किसी प्रकार का शिक्षा शुल्क नहीं लिया जावेगा।

5.3 उपलब्ध सामग्री –

- स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों में कक्षा 6 से 8 तक विद्यालय की आवश्यकतानुसार आधारभूत फर्नीचर, कम्प्यूटर आदि की आपूर्ति अनावर्ती राशि से निम्नानुसार उपलब्ध कराई गई है :–

S.No.	Item Name	Quantity available per model school
1	Dual Desk	120
2	Computer	10
3	Green board	6
4	Steel sheling cabinet	2
5	Steel office chair	7
6	Computer chair	12
7	Computer chari (adjustable cum reuduiuqtyee)	7
8	Computer table	12

9	office visitor chair	6
10	Principal office chair	1
11	Principal table	1
12	Office table	6
13	Steel office chair	5
14	Writing Bord (1200X2400MM)	1
15	Writing Bord (900X1200 MM)	2
16	Moudular table (staff)	2

- सत्र 2015–16 से प्रारम्भ की जाने वाली कक्षा 9 के लिये आवश्यक फर्नीचर एवं सामग्री शीघ्र उपलब्ध करा दी जावेगी।
- जिला स्तर पर अन्य सामग्री क्रय हेतु अनावर्ती राशि में से प्रति मॉडल स्कूल 1 लाख रू. की राशि जारी की गई है।
- उक्त 1 लाख रू. की राशि का व्यय बालिका छात्रावास व्यय हेतु जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित क्रय समिति द्वारा अथवा विद्यालय विकास प्रबन्धन समिति द्वारा किया जा सकता है।
- समस्त क्रय प्रक्रिया उपलब्ध बजट प्रावधानों के तहत एवं जी.एफ.एण्ड आर. व पारदर्शित एक्ट की पालना सुनिश्चित करते हुए की जावे।
- सामग्री क्रय में पूर्ण गुणवत्ता एवं क्रय नियमों की पालना में सुनिश्चित की जावे।
- जिला स्तर पर क्रय करने योग्य सामग्री की संभावित सूची निम्नानुसार दी हुई है परन्तु विद्यालयी आवश्यकता एवं समिति की राय के अनुसार अतिरिक्त सामग्री जोड़ी जा सकती है।

क्र.सं.	सामग्री	क्र.सं.	सामग्री
1.	ओपन रैक	8.	बैड मिंटन
2.	बैल इलेक्ट्रानिक	9	बॉली वाल
3.	माईक सैट विद एम्पलीफायर	10	कैरम बार्ड
4.	फर्स्ट ऐड बॉक्स	11	फर्श
5.	हॉरमोनियम	12	लेक्चर स्टेंड
6.	ढोलक/तबला	13	आलमारी
7.	कांगो ड्रम	14	बुक शैल्फ

5.4 शिक्षा का माध्यम :–

- मॉडल स्कूल में कक्षा 6 से 12 संचालित की जावेगी।
- सत्र 2014–15 से मॉडल स्कूलों में कक्षा 6 से 8 का संचालन किया जा रहा है जिसमें कक्षा 6 में सभी विषयों का अध्ययन–अध्यापन कार्य हिन्दी भाषा में कराये जाने का प्रावधान रखा गया है।
- कक्षा 7 में विज्ञान विषय एवं कक्षा 8 में विज्ञान एवं गणित विषयों का अंग्रेजी भाषा में शिक्षण कराया जा रहा है।
- आगामी सत्र से कक्षा 9 में सभी विषयों का शिक्षण कार्य अंग्रेजी माध्यम से कराया जाने का प्रावधान है।

- अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकें क्रय करने के लिये आवर्ती मद में उल्लेखित गतिविधि Library facilities purchase of books magazines etc. teaching aids and craft equipment से उपयोग किया जा सकता है।
- मॉडल स्कूलों में आगामी सत्र 2015–16 से केन्द्रीय विद्यालय पैटर्न को आधार मान कर शैक्षणिक पंचाग लागू किया जावेगा। अतः पुस्तकें भी सी.बी.एस.ई. के मानदण्डों अनरूप सी.सी.ई. आधारित लागू होगी, जिसके विस्तृत दिशा–निर्देश सत्र आरम्भ होने से पूर्व दिए जावेंगे।

5.5 शिक्षण की अवधि

- शिक्षकों के लिये अतिरिक्त समय का विशेष प्रावधान–मॉडल स्कूलों में विद्यार्थियों हेतु निर्धारित समयावधि के अतिरिक्त संस्था प्रधान, शिक्षकों एवं अन्य स्टॉफ के लिये 1.30 घण्टे के अतिरिक्त ठहराव की व्यवस्था की गई है। समस्त स्टॉफ विद्यालय समय से आधा घण्टा पूर्व आगमन एवं विद्यालय समय के 1 घण्टा पश्चात प्रस्थान करेगा। इस समय का उपयोग वे अगले दिवस की कार्य योजना तैयार करने, गृह कार्य की बारीकी से जांच करने, प्रोजेक्ट कार्यों व अन्य सहशैक्षिक गतिविधियों के आयोजन पर देगें।
- अंग्रेजी सम्प्रेषण की विशेष कक्षाओं का आयोजन विद्यालय समय के पूर्व/पश्चात रखा जा सकेगा।

5.6 संबद्धता (Affiliation) :–

आठवीं बोर्ड परीक्षा के निर्देश :–

शैक्षणिक कलैण्डर एवं समय सारिणी लागू करने के संबंध में सामान्य निर्देश प्रार्थना सभा को प्रभावी बनाए जाने।

5.7 दस्तावेजीकरण (Documentation) :-

- मॉडल स्कूल में आयोजित की जाने वाली प्रत्येक गतिविधि का डाक्यूमेंटशन किया जाना आवश्यक है। मॉडल स्कूल को अलग पहचान दिलाने की दिशा में स्कूल के नवाचारों, प्रगति एवं उपलब्धियों का रिकार्ड आकर्षक रूप में संधारित किया जावे।
- विद्यालय स्तर पर प्रत्येक स्टाफकर्मी का पहचान पत्र बनाया जावे।
- प्रत्येक विद्यार्थी का पहचान पत्र बने। पहचान पत्र पर मॉडल स्कूल का लोगो भी अंकित किया जावे।
- विद्यालय की गतिविधिवार फाईल तैयार की जावे जिसमें उस गतिविधि से सम्बन्धित कवरेज, फोटोग्राफ्स आदि का रिकार्ड संधारित किया जावे।
- प्राचार्य कक्ष, विद्यालय गैलेरी में Photographs का Display भी किया जावे।
- विद्यार्थी डायरी तैयार कर प्रत्येक विद्यार्थी को उपलब्ध कराई जावे।

5.8 वेब पेज

- प्रत्येक मॉडल स्कूल का वेब पृष्ठ तैयार किया जाना हैं जिसमें विद्यालय के प्रबन्धन संचालन एवं उपलब्धियों से सम्बन्धित समस्त सूचनाएं होगीं।
- इसे नियमित रूप से अपडेट किया जावेगा जो विद्यालय द्वारा स्वयं ही लॉगिन–पासवर्ड से अद्यतन किया जावे।
- प्रत्येक शिक्षक एवं प्रत्येक विद्यार्थी की प्रोफाईल भी वेब पृष्ठ पर उल्लेखित होगी।

5.9 विद्यालय प्रबन्धन सूचना तंत्र

- प्रत्येक मॉडल स्कूल की प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु विद्यालय सूचना प्रबन्ध प्रणाली विकसित की जा रही है जिसकी सहायता से निम्न कार्य किये जावेगें :–

विद्यालय सूचना प्रबन्धन
छात्र सूचना प्रबन्धन
शिक्षक सूचना प्रबन्धन
परीक्षा प्रणाली प्रबन्धन
पाठ्यक्रम प्रबन्धन
एस.एम.एस की सुविधा

- इस प्रणाली में प्रत्येक विद्यालय को एक लॉगिन व पासवर्ड प्रदान किया जावेगा, जिसके द्वारा वह उपरोक्त सूचनाओं का ऑनलाईन अंकन कर करेगा।

5.10 मॉडल स्कूलों के स्टॉफ हेतु ड्रेस कोड का निर्धारण :–

- स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों में नवाचार के रूप में शिक्षकों के लिए भी ड्रेस कोड लागू किया गया है। 15 जनवरी 2015 से निम्नुनसार ड्रेस व कलर कोड लागू होगा।

Principal/ Teacher/other staff –Male

.

S.No	Summer dress cum colour code	Winter dress cum colour code
1.	Sky bule shirt	Sky bule shirt
2.	Corprate blue tie	Corprate blue tie
3.	Steel grey trouser	Steel grey trouser
4.	Steel grey socks	Steel grey socks
5.	Black shoes	Black shoes
6.	-	Half sweater-Grey/Blue
7.	-	Corporate blue blazer

Principal/ Teacher/other staff -Female

S.No	Summer dress cum colour code	Winter dress cum colour code
1.	Sky bule colour saree with Corporate blue border	Sky bule colour saree with Corporate blue border
2.	Sky bule Kurta & Corporate blue salwar/chudidar	Sky bule Kurta & Corporate blue salwar/chudidar
3.	Corporate blue blouse (in case of saree)	Corporate blue blouse (in case of saree)
4.	Grey socks with sandal/shoes	Grey socks with sandal/shoes
5.		Corporate blue blazer/ Corporate blue shawl/Cardingan

5.11 स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों के विद्यार्थियों हेतु यूनिफार्म का निर्धारण :–

- मॉडल स्कूलों में विद्यार्थियों हेतु निर्धारित की गई यूनिफार्म का सत्रवार विवरण इस प्रकार है :–

ग्रीष्म कालीन सत्र

क्र.स	छात्रों हेतु	छात्राओं हेतु
1.	सफेद रंग की शर्ट	सफेद रंग की शर्ट
2.	ग्रे पेन्ट	ग्रे स्कर्ट
3.	ग्रे मोजे	ग्रे मोजे
4	ग्रे टाई	ग्रे टाई
5	ब्लेक शूज	ब्लेक शूज

शीतकालीन सत्र

क्र.स	छात्रों हेतु	छात्राओं हेतु
1.	सफेद रंग की शर्ट (पूरी आस्तीन)	सफेद रंग की कमीज (पूरी आस्तीन)
2.	ग्रे पेन्ट (गर्म)	ग्रे सलवार एवं ग्रे चुन्नी
3.	ग्रे हॉफ स्वेटर (वी शेप)	ग्रे हॉफ स्वेटर (वी शेप)
4	नेवी ब्लू ब्लेजर	नेवी ब्लू ब्लेजर
5	ग्रे मोजे	ग्रे मोजे
6	ग्रे टाई	ग्रे टाई
7	ब्लेक शूज	ब्लेक शूज

- स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल स्टॉफ के ड्रेसकोड एवं विद्यार्थियों की यूनिफॉर्म पर होने वाला व्यय योजना में प्रावधानित नहीं है। कार्मिकों एवं विद्यार्थियों के अभिभावकों को यह व्यय स्वयं वहन करना होगा।
- विद्यालय की यूनिफार्म को व्यय अभिभावकों द्वारा ही वहन किया जावेगा परन्तु विद्यालय विकास प्रबन्धन समिति द्वारा भामाशाहों/दानदाताओं को प्रेरित कर विद्यार्थियों को यूनिफॉम दिलवाई जा सकती है।

5.12 स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल के संस्था प्रधानों के दायित्व :–

विद्यालय प्रबन्धन एवं संचालन में संस्था प्रधान की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। एक सुदृढ़ नेतृत्व ही विद्यालय के विकास को सही दिशा देता है :–

- संस्था प्रधान को प्रत्येक माह, प्रत्येक सप्ताह एवं प्रतिदिन की कार्य योजना अग्रिम तैयार करनी होगी।
- इस कार्य योजना का विद्यालय के शिक्षकों में संतुलित विभाजन कर इसकी नियमित मॉनिटरिंग एवं सुपरविजन किया जाना होगा।
- विद्यालय में विभिन्न प्रकार की पाठ्य सहगामी गतिविधि (सी.सी.ए.) का आयोजन करना होगा।
- विद्यार्थियों की रूचि एवं आवश्यकता के अनुसार प्रोजेक्ट कार्य का योजना बनाना एवं सम्पादन कराना होगा।
- विद्यार्थियों के नियमित रूप से शैक्षिक भ्रमण की व्यवस्था करवानी होगी।
- प्रार्थना सभा में प्रत्येक सप्ताह में एक बार अनिवार्य रूप से अंग्रेजी भाषा में अभिव्यक्ति (समाचार, विषय आधारित प्रार्थना, एवं अन्य) को अवसर दिया जाना अपेक्षित है।
- विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम के न्यूज पेपर की व्यवस्था करना।
- संस्था प्रधान द्वारा नियमित रूप से विद्यालय गतिविधि रजिस्टर का Review कर Action taken report के कॉलम में की गई कार्यवाही का उल्लेख किया जावेगा।

5.13 स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल के शिक्षकों के दायित्व :–

- आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग कर शिक्षण कार्य करना।
- विद्यार्थियों का नामांकन वृद्धि एवं ठहराव सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी प्रयास करना।
- परीक्षा परिणाम उन्नयन, अंग्रेजी सम्प्रेक्षण की कोशल विकास के लिये प्रभावी रूप रेखा तैयार कर कियान्वयन करना।

- पाठ्य सहगामी गतिविधि (सी.सी.ए.) खेलकूद, विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता, प्रोजेक्ट कार्य, सृजनात्मक कार्य, वाद–विवाद आदि का आयोजन करवाना।
- विद्यार्थियों के साथ भावनात्मक जुडाव स्थापित करना।
